# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२५-२०२६**

| कक्षा:पाँचवीं | विषय: हिंदी | पाठ:३ वीर त्रिलोकीनाथ |
|---|---|---|

**प्रस्तुत पाठ में से कोई १० कठिन शब्द चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

**प्रश्नोत्तर**

**उ०१-स्वतंत्रता सेनानियों पर चल रहे मुकदमे के लिए महिलाओं ने अपने सोने के आभूषण युवतियों ने अपने विवाह के लिए बचाकर रखी धनराशि और बच्चों ने अपने गुल्लकों में जोड़ी गई पूंजी व्यय के लिए सहर्ष सौंप दी थी।**

**उ०२-इलाहाबाद में दरवेश्वरनाथ मंदिर से जुलूस आरंभ हुआ तो पुलिस ने बिना चेतावनी के लाठियाँ बरसानी आरंभ कर दीं। भगदड़ मचने पर घुड़सवार पुलिस ने घोड़े दौड़ा दिए ,इन घोड़ों से कुचलकर चार लोगों की मौत हो गई इनमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय का अट्ठारह वर्षीय छात्र भी था ,इस खबर से छात्रों में विद्रोह उत्पन्न हो गया।**

**उ०३-भगत सिंह को २३ मार्च १९३१ को ब्रिटिश सरकार द्वारा लाहौर जेल में फाँसी दी गई थी।**

**उ०४-जब त्रिलोकीनाथ छात्रों के साथ नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे तब पुलिस ने उन्हें अपने घर लौट जाने की चेतावनी दी परंतु छात्रों पर उनकी चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ। भीड़ को बेकाबू होते देख सार्जेंट ने गोली चलाने का आदेश दिया। त्रिलोकीनाथ गोलियों की चिंता किए बगैर आगे बढ़ते रहे । उनके शरीर में कई गोलियाँ लगीं और वह शहीद हो गए।**

**उ०५-अंग्रेजों के खिलाफ निकाले गए जुलूस में त्रिलोकीनाथ ने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। इस बलिदान से प्रेरित होकर लोगों में चेतना जागृत हुई । एक जन सैलाब उमड़ पड़ा। उसे देखकर ऐसा लगा कि जैसे एक त्रिलोकीनाथ के बलिदान ने सैकड़ों त्रिलोकीनाथ पैदा कर दिए।**

**वाक्य प्रयोग**

**१-पूँजी-(जमा किया हुआ धन)**

मेरे पिता ने अपनी सारी पूँजी घर बनाने में लगा दी ।

२-व्यय (खर्च)

हमें अपनी आय से अधिक व्यय कभी नहीं करना चाहिए।

३-चेतावनी-(सावधान करने के लिए कही गई बात)

आज मौसम विभाग ने तूफ़ान आने की चेतावनी दी है।

४-धैर्य- (धीरज)

कठिन समय में हमें धैर्य धारण करना चाहिए।

रिक्त स्थान

पाठ्य पुस्तक की पृष्ठ संख्या 37 पर दिए गए रिक्त स्थान पुस्तक से ही याद करें।